ता0प्र0क्र0 7223 "परिशिष्ट 35"

प्रति,

श्रीमान् उपसंचालक महोदय

नगरीय प्रशासन एवं विकाश विभाग

रीवा (म0प्र0)

विषयः— दिनांक 05/09/2016 को नगरपालिका परिषद बिजुरी द्वारा पारित किये गये दर अनुमोदन के टेन्डर का फर्जी होने के संदर्भ में।

मान्यवर,

विषयांतर्गत लेख है कि नगर पालिका परिषद बिजुरी द्वारा दिनांक 05/09/2016 को विभिन्न टेन्डरो का दर अनुमोदन किया गया है। जिसके संदर्भ में निम्नलिखित शिकायत है —

1. यह कि सारे टेन्डर आनलाईन फर्जी तरीके से लगाये गये थे जिसके कारण से टेन्डर आनलाईन प्रदर्शित नही हुआ। खुद टेन्डर जारी कर्ता सी.एम.ओ. नगर पालिका परिषद बिजुरी भी इस बात से स्वीकार कर रहे है कि टेन्डर फर्जी है एवं इसकी जानकारी उन्हे भी नही थी। उपयंत्री द्वारा ठेकेदारो से पैसा ले कर इसे लगाया गया है। इस बात का स्टिंग किया गया विडियो टेप भी प्रार्थी के पास उपलब्ध है।
2. यह कि इन टेन्डरो की दरे भी अत्याधिक है वर्तमान समय में चल रहे कार्यो से इनकी दरे लगभग 50 प्रतिशत अधिक दर है। जिससे शासन को लगभग 3 से 4 करोड़ की राशि का अतिरिक्त नुकशान हो रहा है।
3. यह की आर.टी.आई. के अन्तर्गत प्रार्थी द्वारा इन टेन्डरो सें सम्बधित समस्त दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु लोक सूचना अधिकारी नगर पालिका बिजुरी से आवेदन किया गया है किन्तु लगभग डेढ़ माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी जानकारी उपलब्ध नही कराया जाना इनके गलत मंशा को प्रदर्शित करता है।
4. यह कि इस संदर्भ में नगर पालिका के वार्ड क्र. 4 के पार्षद बृजेश कुमार साहनी द्वारा भी इस बात कि शिकायत करते हुए आपको भी पत्र प्रेशित किया गया है। जिसकी जॉच किया जाना लम्बित है।
5. यह कि दिनांक 05/09/2016 को अनुमोदित किये गये फर्जी टेन्डरो की सूची इस प्रकार से है—
   1. E Tender No. 16463 तालाब गहरी करण का कार्य
   2. E Tender No. 16464 ट्बिुलर पोल लगाने का कार्य
   3. E Tender No. 16465 विद्युतीयकरण का कार्य
   4. E Tender No. 16471 जल परिवाहन का कार्य ट्रैक्टर टेन्कर सहित
   5. E Tender No. 16483 डामरी करण का कार्य वार्ड नं. 15

AE(T) 17/11 18/11

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन

Assistant Engineer
Urban Administration

6. E Tender No. 16485 स्वच्छता सामग्री क्रय किये जाने कार्य
7. E Tender No. 16486 वार्ड नं0 10 में मिनी फिल्टर प्लान्ट कार्य
8. E Tender No. 16515 जे.सी.बी. मशीन क्रय करने बावत्

अस्तु श्रीमान् जी से निवेदन है कि इस बात कि जॉच कराते हुए दोशी जनो पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए इन सभी फर्जी टेन्डरो को निरस्त करने की कृपा करें।

नोट– आवेदन के साथ ठेकेदारो द्वारा इस संदर्भ में सी.एम.ओ. को की गई शिकायत की कापी संलग्न है।

प्रतिलिपि –

1. माननीय मंत्री महोदय
   नगरीय प्रशासन एवं विकाश विभाग भोपाल (म.प्र.)
2. श्रीमान् प्रमुख सचिव महोदय
   नगरीय प्रशासन एवं विकाश विभाग भोपाल(म.प्र.)
3. श्रीमान् आयुक्त महोदय
   नगरीय प्रशासन एवं विकाश विभाग भोपाल(म.प्र.)

प्रार्थी

सतीश कुमार जायसवाल
पिता स्व. श्री सुध्दुलाल जायसवाल
वार्ड नं. 10 कैम्प रोड बिजुरी
जिला–अनूपपुर (म.प्र.)
मो. 9302273500
दिनांक 3/11/2016

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

Assistant Engineer
Urban Administration and Development
M.P. Bhopal

परिशिष्ट "ब"

## विधानसभा प्रश्न क्रमांक 7223 के संबंध में जानकारी

प्रमुख अभियंता, नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र. भोपाल द्वारा गठित जाँच दल :–

| क्र. | अधिकारी का नाम | पदनाम | सदस्य |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री टी. एस. कुमरे | संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग | अध्यक्ष |
| 2 | श्री प्रदीप एस. मिश्रा | कार्यपालन यंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास जबलपुर संभाग | सदस्य |
| 3 | श्री जी.डी. विश्वकर्मा | कार्यपालन यंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास रीवा संभाग | सदस्य सचिव |

प्रकरण में दोषी पाये गये अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदाकार की जानकारी :–

| क्र. | अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदाकार का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री राम कुमार सिंह, | मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद बिजुरी, जिला–अनूपपुर |
| 2 | श्री पी.एन. सिंह, | उपयंत्री नगर परिषद् बिजुरी जिला–अनूपपुर |
| 3 | श्री विनोद सोंधिया | तत्कालीन कम्प्यूटर ऑपरेटर, नगर परिषद बिजुरी जिला–अनूपपुर |
| 4 | मेसर्स मेरीना फोटोकॉपी एण्ड टायपिंग इंस्टीट्यूट शहडोल | प्रोपराईटर, शहडोल |
| 5 | मेसर्स अग्रवाल ट्रेडर्स बिजुरी | ठेकेदार |
| 6 | श्री राकेश सिंह, शहडोल | ठेकेदार |
| 7 | श्री अखिलेश सिंह, बिजुरी | ठेकेदार |
| 8 | मेसर्स श्री जी इण्टरप्राइजेस, बुढ़ार | ठेकेदार |
| 9 | श्री मनीष कुमार गोयान्का, बिजुरी | ठेकेदार |
| 10 | मेसर्स फरेन्टीयर कामर्शियल विकल, प्राइवेट लिमिटेड, जबलपुर | ठेकेदार |
| 11 | मेसर्स माई ईक्यूपमेन्ट प्राइवेट लिमिटेड, जबलपुर | ठेकेदार |

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

Assistant Engineer
Urban Administration and Development
M.P. Bhopal